On March 13, 2026, the program of the Circle Conference began with the flag hoisting. The national flag was hoisted by the Circle President, Comrade Rajesh Kumar Chaubey, and the union flag was hoisted by Comrade Sanjay Kumar Singh, Circle Secretary. After the flag hoisting, all the delegate comrades who had arrived from every corner of Bihar entered the Comrade Islam Ahmed Auditorium (Bharti Mandapam), Vidypati Marg, Patna. Subsequently, the proceedings of the meeting began under the chairmanship of Comrade Rajesh Kumar Chaubey. The meeting was inaugurated by lighting the lamp by the Chief Guest of this event, Mr. Arvind Prasad, Chief General Manager, BSNL Bihar Circle; Special Guest, Mr. Sunil Kumar, General Manager (Admn), Bihar Circle; and Comrade Chandeshwar Singh, General Secretary, NFTE BSNL, New Delhi. All the dignitaries paid tribute by offering flowers on the photographs of Comrade Islam Ahmed, Comrade O.P. Gupta, and Comrade K.S. Sheshadri. Thereafter, the open session was inaugurated, in which, first of all, tributes were paid to the comrades who had passed away during the previous term.

In the open session, Comrade Sanjay Kumar Singh, Circle Secretary, heartily welcomed all the invited guests as well as the entire community present participating in the meeting. Comrade Suryamani Prasad, Provincial Vice President, while conducting the proceedings, first requested Comrade Upendra Kumar Tiwari, Leader of the Postal Employees Union (NFPE), to address the gathering. Comrade Tiwari drew everyone's attention to the changing equations against the working class and employees, and explained that newspapers daily reveal that the government is spending thousands of crores of rupees for the revival of BSNL. However, no change is visible on the ground. He clearly stated that if the government wishes, no power can stop BSNL from becoming profitable. Mr. Ratish Kumar, President SNEA, while addressing the gathering, promised to maintain their unity. Mr. Anand Kumar, Circle Secretary, BSNL EA; on behalf of AIGETOA, Circle Minister Mr. Wasi Ahmed addressed the gathering and urged all officers and employees to move forward unitedly with alertness for the protection of BSNL and the interests of the employees. Addressing the gathering, Mukesh Kumar of SEWA, BSNL, reiterated his promise to continue cooperation and support with NFTE. Along with him, the President of this organization, Mr. Manorajan Paswan, was also present. The heads of all unions and associations working in BSNL were participating in this open session. On behalf of the Postal Employees Union, Comrade B.K. Mishra, a senior leader of FNPO, also addressed the gathering and in his address, strongly opposed the government's policies of introducing VRS again under BSNL. Discussing the deteriorating conditions of postal employees, he stated that the current government does not appear to be a protector of employees' interests in any way. From FNPO, Circle Minister Mr. Prerit Kumar (E3), Mr. Manish Kumar (R3), Mr. Naveen Kumar (R4), and Mr. Shivshakti, District Secretary Patna, participated in the meeting.
From the Indian Postal Employees Federation, Mr. Vikas Kumar Singh, Circle Secretary, was also present in the meeting. After the statements of the employee union leaders, Mr. Sunil Kumar, General Manager (Admn), BSNL, Bihar Circle, Patna, addressed the gathering. Thereafter, Comrade Chandeshwar Singh, General Secretary NFTE, was invited to speak. Addressing the meeting, Comrade Singh elaborated in

detail on the 3rd Pay Revision, new promotion policy, membership verification of unions, and all other burning issues. He urged employees to work unitedly for BSNL and to struggle in an organized manner for the protection of their interests. Finally, the Chief Guest of this event, Mr. Arvind Prasad, Chief General Manager, BSNL, Bihar Circle, Patna, infused new energy and enthusiasm into the gathering with his address. Mr. Prasad, appealing to the employees, said that they have worked for BSNL with limited resources, due to which BSNL is progressing. He stated that we should all work unitedly for BSNL. He also guided the officers of the management side and said that whatever directions related to employees are issued from BSNL Corporate Office, they must be implemented under all circumstances so that employees can serve the organization with doubled enthusiasm and provide quality service to consumers. The employees were listening to his address with complete calm and attention. In his nearly one-hour-long address, he motivated the employees with several examples. After the Chief Guest's address, the President adjourned the meeting for a lunch break, instructing all delegate comrades to be present in the meeting again at 4:00 PM. He also thanked all the invited guests for attending the open session.

Delegate Session after Lunch:

At 4:00 PM, under the chairmanship of Comrade Rajesh Kumar Chaubey, the committee was formally constituted. Comrade Sanjay Kumar Singh, Circle Secretary, presented the report of activities of the previous term, and the financial accounts report was presented by Mr. Vinay Kumar Singh, Treasurer, which was accepted by the house with acclamation.

The President placed the matter of elections before the house and directed that all District Ministers should meet together and submit a unanimously agreed list of office bearers for the next term to the President. After an hour, a list, signed by all District Ministers, was submitted to the President. The President read out the list to the house. All the present delegates collectively supported the list, and the President declared the unanimously agreed twenty-one-member list as elected unanimously. In this, Comrade Suryamani Prasad, Sub Divisional Engineer (Substantive), was declared elected as President; Comrade Sanjay Kumar Singh, TT CNTX, East Patna, as Circle Secretary; and Comrade Vinay Kumar Singh, Retired Junior Engineer, as Treasurer. Comrade Rajesh Kumar Chaubey was nominated as Patron of the Circle, and Mr. Vinay Kumar, Accounts Officer, was nominated as Auditor. After Comrade Suryamani Prasad proposed the vote of thanks, the proceedings of the meeting were declared concluded.

***<u>एनएफटीई - बीएसएनएल बिहार सर्किल का त्रैवार्षिक अधिवेशन दिनांक 13 - 14 मार्च 2026 को पटना में संपन्न हुआ।</u>***

दिनांक 13.03.2026 को परिमंडलीय सम्मेलन का कार्यक्रम झंडोतोलन के साथ आरंभ किया गया। राष्ट्रीय ध्वज को परिमंडलीय अध्यक्ष श्री राजेश कुमार चौबे एवं संघ के ध्वज को कामरेड संजय कुमार सिंह, परिमंडलीय मंत्री ने फहराया। झंडोतोलन के पश्चात बिहार के कोने-कोने से आए हुए सभी प्रतिनिधि साथी कामरेड इस्लाम अहमद सभागार (भारती मंडपम) विद्यापति मार्ग, पटना में प्रवेश किए। इसके पश्चात कामरेड राजेश कुमार चौबे की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही शुरू हुई। जिसमें इस आयोजन के मुख्य अतिथि श्री अरविंद प्रसाद, मुख्य महाप्रबंधक, बीएसएनएल बिहार सर्किल, विशिष्ट अतिथि श्री सुनील कुमार, महाप्रबंधक (प्रशासन) बिहार सर्किल तथा कामरेड चंदेश्वर सिंह, महामंत्री, एनएफटीई बीएसएनएल, नई दिल्ली ने दीप प्रज्वलित कर के सभा का शुभारंभ किया। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने कामरेड इस्लाम अहमद, कामरेड ओ पी गुप्ता, कामरेड के एस शेषाद्री के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात खुले अधिवेशन का शुभारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम पिछले अवधि में दिवंगत साथियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई।
खुला अधिवेशन में कामरेड संजय कुमार सिंह, परिमंडलीय सचिव ने सभी आमंत्रित अतिथियों सहित सभा में भाग लेने वाले सभी उपस्थित समुदाय का हार्दिक अभिनंदन किया। साथी सूर्यमणि प्रसाद, प्रांतीय उपाध्यक्ष ने मंच संचालन करते हुए सर्वप्रथम कामरेड उपेंद्र कुमार तिवारी, नेता डाक कर्मचारी संघ (एनएफपीई) ने सभा को संबोधित करने का आग्रह किया। कामरेड तिवारी ने मजदूर एवं कर्मचारी वर्ग के खिलाफ बदलते हुए समीकरण की ओर सबका ध्यान आकृष्ट किया और बताया कि आए दिन समाचार पत्रों से पता चलता है की सरकार बीएसएनएल के पुनरुत्थान के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। परंतु सरजमीं पर कुछ परिवर्तन नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अगर सरकार चाहे तो कोई ताकत बीएसएनएल को मुनाफा में आने से नहीं रोक सकती। श्री रतीश कुमार, अध्यक्ष एफएनईएन ने सभा को संबोधित करते हुए अपनी एकजुटता जारी रखने का वादा किया। बीएसएनएल ई ए के परिमंडलीय सचिव श्री आनंद कुमार, ए.आई.जी.टी.ओ.ए की ओर से परिमंडल मंत्री श्री वशी अहमद जी ने सभा को संबोधित किया और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के एकजुट होकर बीएसएनएल की सुरक्षा एवं कर्मचारियों की हित रक्षा को मुस्तैदी के साथ आगे बढ़ाने को कहा। सभा को संबोधित करते हुए एसईडब्लूए, बीएसएनएल के मुकेश कुमार ने अपनी सहयोग एवं समर्थन एनएफटीई के साथ जारी रखने का वादा दोहराया। इनके साथ इस संगठन के अध्यक्ष श्री मनोरंजन पासवान जी भी उपस्थित थे। बीएसएनएल में कार्यरत सभी यूनियनों एवं एसोसिएशनों के प्रमुख इस खुले अधिवेशन में भाग ले रहे थे। डाक कर्मचारी संघ की ओर से कामरेड बी.के मिश्रा, एफएनपीओ के वरिष्ठ नेता ने भी सभा को संबोधित किया तथा अपने संबोधन में बीएसएनएल के अंतर्गत पुनः वी आर एस लाने की सरकार की नीतियों का जमकर विरोध किया। उन्होंने डाक कर्मचारियों की बिगड़ी स्थितियों की चर्चा करते हुए बताया कि आज की सरकार किसी भी दृष्टि से कर्मचारियों की हित रक्षक नहीं प्रतीत हो रही है। एफएनपीओ की ओर से परिमंडलीय मंत्री श्री प्रेरित कुमार ई 3, श्री मनीष कुमार, आर 3, श्री नवीन कुमार आर 4 एवं श्री शिवशक्ति, मंडल सचिव पटना ने सभा में भाग लिया।
भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ की ओर से श्री विकास कुमार सिंह, परिमंडलीय सचिव भी सभा में उपस्थित थे। कर्मचारी संघ के नेताओं के वक्तव्यों के बाद श्री सुनील कुमार, महाप्रबंधक (प्रशासन) बीएसएनएल, बिहार सर्किल पटना ने सभा को संबोधित किया। तदोपरांत कामरेड चंदेश्वर सिंह, महामंत्री एनएफटीई को संबोधन के लिए आमंत्रित किया गया। कॉम श्री सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए तृतीय वेतन संशोधन, नई पदोन्नति पॉलिसी, संगठनों की सदस्यता जांच एवं अन्य सभी ज्वलंत मुद्दों पर विस्तृत

प्रकाश डाला। उन्होंने कर्मचारियों को एकताबद्ध होकर बीएसएनएल के लिए कार्य करने तथा अपने हित रक्षा के लिए संगठित होकर संघर्ष करने की बात कही। अंत में इस आयोजन के मुख्य अतिथि श्री अरविंद प्रसाद, मुख्य महाप्रबंधक बीएसएनएल, बिहार सर्किल, पटना ने अपने उद्बोधन से सभा में एक नई जोश एवं स्फूर्ति कायम कर दिए। श्री प्रसाद ने कर्मचारियों का आवाहन करते हुए कहा कि आपने सीमित संसाधनों के साथ बीएसएनएल के लिए कार्य किया है, जिससे बीएसएनएल प्रगति की ओर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि हम सभी बीएसएनएल के लिए एकजुट होकर कार्य करें। साथ ही उन्होंने प्रबंधन पक्ष के अधिकारियों को भी मार्गदर्शन दिया और कहा कि अगर बीएसएनएल मुख्यालय की ओर से कर्मचारियों से संबंधित जो दिशा निर्देश जारी किए जाते हैं, उनको हर हालत में पूरा किया जाना चाहिए ताकि कर्मचारी दुगने उत्साह से संगठन की सेवा कर सके और उपभोक्ताओं को गुणवत्ता के साथ सेवा प्रदान कर सकें। उनके उद्बोधन को कर्मचारी पूर्ण शांति भाव से उनकी बातों को ध्यान से सुन रहे थे। लगभग एक घंटे के उद्बोधन में उन्होंने कई उदाहरण देकर कर्मचारियों को उत्साहित किया। मुख्य अतिथि के संबोधन के पश्चात अध्यक्ष ने भोजन अवकाश के लिए सभा को स्थगित करते हुए पुनः 4:00 बजे सभी प्रतिनिधि साथियों को सभा में उपस्थित होने का निर्देश दिया। साथ ही सभी आमंत्रित अतिथियों का खुला अधिवेशन में शामिल होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

भोजन के उपरांत प्रतिनिधि सभा :

संध्या 4:00 बजे पुनः कामरेड राजेश कुमार चौबे के अध्यक्षता में समिति का विधिवत्त गठन किया गया। का. संजय कुमार सिंह, परीमंडलीय सचिव ने अपने पिछले कार्यकलापों का रिपोर्ट प्रस्तुत किया, साथ ही आर्थिक लेखा-जोखा का रिपोर्ट श्री विनय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष ने प्रस्तुत किया जिसे सभा ने करतल ध्वनि के साथ स्वीकृति दी।

अध्यक्ष ने निर्वाचन के मुद्दे को सभा के समक्ष प्रस्तुत किया तथा निर्देश दिया कि सभी जिला मंत्री एक साथ बैठकर अगले सत्र के लिए सर्वसम्मति से पद धारकों की एक सूची अध्यक्ष के पास प्रस्तुत करें। इसके एक घंटे बाद सभी जिला मंत्रियों के हस्ताक्षर से एक सूची अध्यक्ष के पास दी गई। जिसको अध्यक्ष महोदय ने पढ़कर सभा को सुनाया। जिसे सभी उपस्थित प्रतिनिधियों ने मिलकर सूची को समर्थन दिया और अध्यक्ष महोदय ने सर्वसम्मति से एक इक्कीस सदस्यीय सूची को सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया। जिसमें कामरेड सूर्यमणि प्रसाद, स्थानापन्न उप मंडल अभियंता को अध्यक्ष, कॉम संजय कुमार सिंह, टीटी सीएनटीएक्स, पूर्वी पटना को परिमंडलिय सचिव तथा कामरेड विनय कुमार सिंह सेवानिवृत्ति कनीय अभियंता को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। कामरेड राजेश कुमार चौबे को परिमंडल का संरक्षक एवं श्री विनय कुमार,लेखा पदाधिकारी को लेखा परीक्षक मनोनीत किया गया। कामरेड सूर्यमणि प्रसाद द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करने के उपरांत सभा की कार्यवाही समाप्त करने की घोषणा की गई।